वाराणसी में 150 करोड़ रुपये की टेक्सटाइल यूनिट शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

1000 युवाओं को मिलेगा रोजगार

लखनऊ। अहमदाबाद की टेक्सटाइल कंपनी अरविंद लिमिटेड ने वाराणसी के खोचवां में 150 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक टेक्सटाइल विनिर्माण इकाई स्थापित की है। छह एकड़ में फैली इस इकाई का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। इससे करीब एक हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

नई इकाई में अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख ब्रांडों के लिए स्पोर्ट्सवियर और इनरवेयर का निर्माण किया जाएगा। इससे वाराणसी समेत पूरे पूर्वांचल में टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इन्वेस्ट यूपी के मुताबिक, परियोजना को धरातल पर उतारने में विभाग ने अहम भूमिका निभाई। कंपनी, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर महज 21 दिनों में प्रमुख वैधानिक मंजूरियां और अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) दिलाए गए।